## तीन सराफा दुकानों के ताले तोड़ कर भी नहीं मिला माल

### सामान बिखरा गए नकाबपोश चोर, महिला अधीक्षक के मकान से लाखों के जेवरात किए पार

**छपारा, देशबन्धु।** सिवनी जिले के धूमा में एक सराफा दुकान में गत दिवस चोरी की वारदात सामने आई थी। अब दूसरी वारदात में छपारा में सोमवार की देर रात अज्ञात नकाबपोश चोरों ने जमकर कोहराम मचाया और छपारा मुख्य मार्ग स्थित तीन बड़े सराफा व्यापारियों की दुकानों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया, लेकिन चोरों को कोई खास सफलता नहीं मिल पाई, जबकि वहीं छपारा नगर के बंजारा मोहल्ला डूंगरिया में अधीक्षक सुमित्रा भारती के सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी की वारदात को अन्जाम दिया है ।

अधीक्षक के पति टेकचंद भारती पूर्व पंच ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बेटों के साथ खेत गए हुए थे। जहां उनका मकान है। सोमवार की रात को वह वहीं रुक गए। मंगलवार को सुबह आए तो देखा तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था और घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। घर में रखे सारे महंगे जेवर सोने चांदी के गायब थे। जिसके बाद उन्होंने छपारा थाना में पहुंचकर इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



घटना की सूचना मिलने के बाद छपारा पुलिस ने सभी घटनास्थलों का जायजा लिया है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जिसमें छपारा के राजकला फोटो स्टूडियो के सामने स्थित सराफा दुकान में घुसकर जमकर कोहराम मचाया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है जिसमें चार नकाबपोश जो हाथों में चोरी की वारदात में इस्तेमाल करने वाले औजार साथ में लेकर आए हैं।

इन चोरों ने जिन दुकानों को अपना शिकार बनाया है, उनके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को तोड़ा है। इसके बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। फिलहाल डॉग एस्कॉर्ट और छपारा पुलिस की टीम पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। देखना होगा इस पूरे मामले का कब तक खुलासा हो पाता है।

जिस तरीके से धूमा में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था, उसी पैटर्न में यह चोरी की वारदात भी नजर आ रही है। छपारा सर्राफा व्यापारियों की सतर्कता इन चोरी की वारदातों में बड़ी सामने आई है। सर्राफा व्यापारियों द्वारा रात में दुकान बंद करने से पहले दुकान में रखे ज्वेलरी और जेवर भाई साथ में लेकर चले जाते हैं ।

जिससे चोरों को सराफा दुकानों का ताला तोड़ने के बाद भी कोई सफलता हाथ नहीं लगी, लेकिन दुकानों को बुरी तरह बिखरा दिया और उनमें रखे आर्टिफिशियल जेवर लेकर चले गए। यह जो तीन दुकानों में चोरों ने ताले तोड़े हैं। वह मुख्य बाजार रोड कहलाती है जहां रात में भी काफी आवाजाही रहती है लेकिन जिस तरीके से शातिर चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है, उससे व्यापारियों में दहशत है।

## संध्या परसवार बनीं महिला सुपरवाइजर



### प्रदेश में एससी वर्ग में पाया चौथा स्थान

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर गोटेगांव में स्थित गांधी वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संध्या परसवार ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित महिला पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) परीक्षा में एससी वर्ग में प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और समुदाय का नाम रोशन किया है।

संध्या परसवार बीते 10 वर्षों से गांधी वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में सेवाएं दे रही थीं। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद कठोर परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया।

महिला बाल विकास विभाग द्वारा हाल ही में घोषित परिणाम में उनका चयन पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) पद के लिए हुआ है, जिससे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और सहकर्मियों ने संध्या को बधाई दी। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनका यह चयन अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

## सार-समाचार

### नवागत सीएमओ डी पी साहू ने किया पदभार ग्रहण



**पीपला नारायणवार, देशबन्धु।** पीपला नगर परिषद में मंगलवार को शाम 4 बजे शासन के निर्देशानुसार स्थानांतरित होकर आए हुए नवागत सीएमओ डी पी साहू सर ने पद ग्रहण किया । इस अवसर पर पूर्व सीएमओ जयप्रकाश रजक सर ने उन्हें पदभार सौंपा तथा शुभकामनाएं दी इस अवसर पर कर्मचारी देवेंद्र धुर्वे विजय वनकर विनोद माड़ोगड़े नीरज श्रीवास्तव राजेश गोने, शिवराज चंद्रिकापुरे, रमेश गायकवाड़ नगर के वरिष्ठ नागरिक कैलाश चौधरी, नरेंद्र बोडे, सारिका चेडगे, निशा गुप्ता, शुभांगी लवाले व नगर परिषद कर्मचारियों ने सीएमओ श्री डी पी साहू सर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया ।

### काली मंदिर में किया गया पौधरोपण



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 काली मंदिर परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्य संपन्न हुआ जिसमें आम जाम जामुन सहित अन्य फलदार पौधों को रोपित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद प्रमोद बंदेवार सहित वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्र प्रकाश शर्मा, बूथ अध्यक्ष राजेश नागवंशी, लोकेश अमरवंशी, सतीश सूर्यवंशी, हिमांशु नागवंशी, रूपचंद अमरवंशी, राजेश झरने सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।

## खुद को गो रक्षक बताने वाले हमलावर अब तक फरार

### ट्रक ड्राइवर को बुरी तरह पीट कर लूटे थे दस हजार रुपए

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** खुद को गोरक्षक बताने वाले लगभग 24 टपोरी युवकों ने एक बेकसूर ट्रक ड्राइवर पर जानलेवा हमला कर 10 हजार रुपये की लूट लिए थे। घटना विगत 10 जून की देर रात की है। जब सौंसर से अकोला जा रहे एक ट्रक को पांढुर्णा के समीप रास्ते में घेर कर रुकवाया गया। आरोपियों ने ट्रक के शीशे पत्थरों और लाठियों से तोड़ डाले और ट्रक चालक चंद्रशेखर कैथवार को बेहरमी से पीटा। ट्रक में कोई गोवंश नहीं था, बल्कि किसान उपयोग के लिए खाद भरा हुआ था।



**फिल्मी स्टाइल में पीछा, फिर हमला** – ड्राइवर के अनुसार, आरोपियों ने फिल्मी स्टाइल में कार और बाइक से पीछा करते हुए ट्रक को ओवरटेक कर रोक लिया। ट्रक के रुकते ही युवकों ने उसे घेर लिया और अचानक हमला बोल दिया। मारपीट के बाद ड्राइवर से दस हजार रुपये भी छीन लिए।

**17 दिन बीत गए, नहीं हुई कार्रवाई** – घटना के 17 दिन बाद भी न कोई गिरफ्तारी हुई, न कोई ठोस कार्रवाई। हमलावरों के नाम, संगठन और राजनीतिक संबंधों की जानकारी पुलिस के पास है, फिर भी चुप्पी बनी हुई है।

**गो रक्षा की आड़ में हफ्ता वसूली का खेल!** – स्थानीय सूत्रों के अनुसार, ये युवक कथित गोरक्षा संगठनों के नाम पर हफ्ता वसूली में लिप्त हैं। कभी ट्रक रोककर वसूली, तो कभी बाजार में दादागिरी, यह इनका रोज़ का खेल बन चुका है।

**राजनीतिक संरक्षण और पुलिस की शिथिलता** – बड़ी बात यह है कि ये युवक खुद को किसी संगठन या सत्ताधारी पार्टी से जोड़कर पुलिस पर दबाव बनाते हैं। शायद यही वजह है कि पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

**जनता की मांग, क सख्त कार्रवाई हो** – पांढुर्णा की जागरूक जनता ने प्रशासन से मांग की है कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। इन पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया जाए ।

**पुलिस का पक्ष** –थाना प्रभारी अजय मरकाम ने बताया कि, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सभी हमलावरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

अगर यह घटना सिर्फ एक एफआईआर बनकर रह गई तो आने वाले दिनों में पांढुर्णा की सड़कें कानून से नहीं, गुंडों के नियमों से चलेंगी।

## अवैध रेत ढोते डंपरों के विरोध में चक्का जाम, पहुंचे विधायक

**छपारा, देशबन्धु।** 25 जून दिन बुधवार को केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह बागड़ोंगरी में आयोजित चक्का जाम में सम्मिलित हुए।

24 जून विगत रात लगभग 10:30 बजे सिवनी जिले की केवलारी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बागड़ोंगरी में अवैध रेत उत्खनन की चोरी कर रेत ले जा रहा डंपर साइकिल से घर जा रहे ग्राम दुरेंदा निवासी यशवंत राव सोनी को रौंदकर भाग गया। यिशवंत राव सोनी की घटना स्थल में मौत हो गई। जिससे क्षेत्रीय जनों ने आक्रोश में आकर ग्राम बागडोंगरी में अवैध उत्खनन में मृतक व्यक्ति के साथ न्याय करने एवं अवैध उत्खनन में रोक लगाने हेतु चक्का जाम लगाया।



चक्का जाम में उपस्थित होकर केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने बागडोंगरी में हो रहे अवैध उत्खनन का जमकर विरोध किया। चक्का जाम के दौरान अवैध रेत उत्खनन की चोरी कर रहे डंपर को रोककर उनकी जाँच कराई गई तो घटना स्थल में 14 ड्रंपर बिना रेत रॉयल्टी के एवं 7 पोकलेन पाए गए। केवलारी विधायक व क्षेत्रीय लोगों ने ठेकेदार पर कठोर कार्यवाही करने की मांग व शासन से मृतक के परिजनों को उचित राहत राशि प्रदाय किए जाने कि मांग की है। केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल ने पंचनामा तैयार कर घटना स्थल में पाए गए वाहनों की जप्ती बनाई एवं आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## गोवंश तस्करी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त

**चौरई, देशबन्धु।** एक हिन्दू संगठन द्वारा सोमवार की देर रात सूचना मिली कि कुछ लोग एमपी 50 जेड बी 0859 नंबर के चार पहिया वाहन से गोवंश भर कर ले जा रहे है। नवागत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भारती जाट के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में चौरई पुलिस टीम गठित कर मौके पर पहुंची एवं गौवंश तस्करी करते गाड़ी एवं तीन आरोपी को गिरफ्तार कर चौरई थाना लाया गया।



थाना प्रभारी गणपत उईके ने बताया कि ग्राम मोरखा से कुछ लोगों द्वारा गोवंश तस्करी की जा रही थी। जब मौके पर पुलिस पहुंची तो पाया गया कि सोनू वर्मा एवं संजय वर्मा निवासी कुर्चाढाना, राम वर्मा निवासी बांधरा द्वारा वाहन में भर कर गौवंश कही लेजाया जा रहा था तीनों के खिलाफ धारा 4,6 व 9 मध्यप्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई एवं तीनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

जब पूरे मामले में ग्राम मोरखा के सरपंच बृजमोहन चंद्रवंशी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैंने लिखित में दे दिया था, गोवंश लेजाने के लिए। गांव का सरपंच भी आरोपियों की पक्ष ले रहा है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि इस तस्करी में गांव का सरपंच भी शामिल हो सकता है, जबकि लिखित में देने की सरपंच बात कर रहा,अपितु ये अधिकार सरपंच के पास है ही नहीं।

## भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस सोमवार को स्थानीय मुखर्जी चौक में स्थित उनकी प्रतिमा पर कार्यक्रम के संयोजक विष्णु प्रसाद शर्मा, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी सहित भाजपा जनों, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे के नारो से बस स्टैंड गूंज उठा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, मोनू जैन,मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे,कार्यक्रम के सह संयोजक रोहित मिश्रा, मंडल पदाधिकारी के पदाधिकारी,सभी मोर्चो के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष,बूथ समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

पंचशील उद्यान में रोप पौधे....बस स्टैंड में बलिदान दिवस मनाने के बाद भाजपा नगर मंडल ने शहर के वार्ड क्रमांक 10 में स्थित पंचशील उद्यान में 51 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा जन मौजूद रहे।



51 बूथों पर मनाया गया बलिदान दिवस....भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष विवेक चन्द्रवंशी ने बताया कि बलिदान दिवस पर मंडल के सभी 51 बूथों पर मंडल की ओर से नियुक्त प्रभारियों ने बूथ अध्यक्षों और बूथ समिति के साथ मिलकर मुखर्जी जी का बलिदान दिवस मनाया ओर उनके देश भक्ति को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है आज के दिन पूरे मंडल के बूथों पर प्रकृति संरक्षण के लिए वृहद स्तर पर पौधारोपण भी किया गया है।

## आपातकाल–लोकतंत्र का काला दिवस कार्यक्रम

**सौसर, देशबन्धु।** भाजपा कार्यालय सौसर में आज 25 जून को जिला स्तरीय आपातकाल- लोकतंत्र का काला दिवस कार्यक्रम आ आयोजन किया गया। ज्ञात हो 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा अपने पद पर बने रहने के लिए संविधान को कुचलते हुए आपातकाल भारत पर थोपा गया। इस आपातकाल में राजनैतिक विरोधी विचारधारा के लोगों आम जन मानस को बर्बरता पूर्वक पकड़ कर जेलों में ठूंसा गया उन्हें अनेक यातनाएं दी गईं।




इस आपातकाल के 50 बर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा पांढुर्णा ने एक सेमिनार का आयोजन किया। जिसमे जिले में जीवित 5 लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी दादा धर्माधिकारी, गंगाधर धुर्वे, नामदेव राव धोटे, सुधाकर पात्रीकर,लखन ठाकुव तथा शेष मीसाबंदी के परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

आज कांग्रेस व अन्य विरोधी दलों द्वारा अघोषित आपातकाल का कपोल कल्पना देश के भटकाने के लिए भ्रम फैला रहे हैं। उन्हें जरा 1975 का दौर पढ़ना और समझना जरूरी है। आज आप सीधे सीधे प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, न्यायालय पर सवाल खड़े कर सकते हैं। आरोप लगा देते हैं कुछ बदले की भावनाओं से कार्यवाही नहीं होती परंतु सोचिए जून 1975 से जनवरी 1977 तक ऐसा करते तो क्या क्या नहीं होता। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लोकतंत्र सेनानी श्री दीनदयाल मोहने जी व मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद विवेक बंटी साहू रहे।

कार्यक्रम में प्रथम में उद्बोधन संदीप मोहोन ने लोकतंत्र सेनानी के तपस्या और त्याग के कारण ही आज लोकतंत्र बचा हुआ है संविधान बचा है और आप सरकार चुनकर अपने सामाजिक विकास के लिए प्रगतिशील हैं। छिंदवाड़ा लोकसभा सांसद विवेक साहू ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा की संविधान हत्या दिवस की जानकारी हमें नई पीढ़ी को बताना है।। कैसे एक तानाशाही सोच ने जनभावना और न्यायालय के निर्णय को स्वार्थ के लिए भारतीय प्राण संविधान को पैरों तले कैसे रौंदा था। इस देश ने दो बार आजादी की लड़ाई लड़ी एक बार अंग्रजों से एक बार इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार से। संतोष जैन ने कहा कई परिवार आपातकाल में उजड़ गए केवल इसलिए की एक परिवार की तानाशाही के चलते।।

मुख्य वक्ता दीनदयाल मोहने आपबीती सुनाते हुए कहा कि जब लोकतंत्र को बंधक बना लिया जाए जब संविधान का गला घोंटा जाए तब सरकारें निरंकुश हो जाती है। यह वह काल था की व्यक्तिगत और वैचारिक मतभेद पर गोली और जेल मिलता थी। इंदिरा गांधी द्वारा किये गये अत्याचार को हम समय समय पर जगह जगह पर बताते आए हैं और बताते रहेंगे कैसे लोकतंत्र की हत्या कर अमर्यादित सरकार शासन का दुरुपयोग किया।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 26 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, नक्षत्र-आर्द्रा।**

मेष – आपके विचार स्थिर नहीं होने से आप उलझन में रह सकते हैं। बिजनेस या नौकरी में प्रतियोगिता का माहौल रहेगा। आप सफलतापूर्वक उसमें से बाहर आ सकेंगे।

वृषभ – आपका मन उलझन में होने के कारण किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाएंगे। आप प्राप्त अवसर को खो देंगे।

मिथुन – आज आप उत्साहित और ताजगी का अनुभव कर सकेंगे। अच्छे कपड़े और आभूषण खरीदने का योग बन रहा है। क-239-145

कर्क – आपको शारीरिक और मानसिक भय का अनुभव होगा। मन में उलझन के कारण निर्णय लेना बहुत कठिन हो जाएगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से उदासी बढ़ेगी।

सिंह – आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कन्या – नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। पिता के साथ निकटता बढ़ेगी। मान- सम्मान बढ़ेगा।

तुला – आज आप प्रवास या किसी देव स्थान पर जा सकते हैं। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, उनके लिए अनुकूल योग बनेंगे। बच्चों की चिंता परेशान करेगी।

वृश्चिक – आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं।

धनु – पार्टी, पिकनिक, प्रवास, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान आज के दिन की विशेषता होगी। मनोरंजन की दुनिया में विहार करेंगे। अपोजिट सेक्स के दोस्तों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी।

मकर – व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायक होगा। आर्थिक कामकाज अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

कुंभ – आज आपको अपने स्वास्थ्य तथा संतान की चिंता परेशान करेगी। तेजी से विचार बदलने से आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी।

मीन – आपके तन-मन में बेचैनी अनुभव होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। मां की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी। म-279-137

3,8,2,7,34,89,25,70,13,68,03,53